# दिनांक 11.12.2020 को मनोज कुमार झा, उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के कर्मियों के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा अन्य महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के कर्मियों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो के साथ–साथ पूर्व की समीक्षात्मक बैठकों में दिये गए निदेश के अनुपालन की समीक्षा की गयी।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा लम्बित कार्यो एवं निदेशालय स्तर पर सम्पादित किये जा रहे विभिन्न कार्यो की निम्नवत समीक्षा की गयी :–

1. <u>स्थापना संबंधी कार्य :–</u>

(क) अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वप्रथम संचिकाओं के प्रभार की सूची की सॉफ्टकॉपी के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त की सॉफ्टकॉपी शीघ्र ही आई0टी0 कोषांग को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

(ख) (i) अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व की बैठक में गार्ड फाईल के संधारण के संबंध में दिये गए निदेश के अनुसार प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रतिवेदन उपलब्ध कराये जाने के संबंध में पुनः निदेशित किया गया और उल्लेखित किया गया कि प्रतिवेदन में यह उल्लेख हो कि अधीनस्थ कर्मियों द्वारा गार्ड फाइल का संधारण किया जा रहा है और वे संतुष्ट हैं ताकि इस मामले को पूर्ण मानते हुए अगली बैठक की कार्यवाही से हटाया जा सके।

(ii) ए0डी0एफ0 स्कैनर के क्रय के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित सहायक द्वारा बताया गया कि आई0टी0 कोषांग से प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण यह मामला लम्बित है।

(iii) (a) अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व की बैठकों में दिये गए निदेश के आलोक में पुनः निदेश दिया गया कि जिन कम्प्यूटरों के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है पूर्व भंडार पंजी/पुरानी संचिका से उक्त कम्प्यूटर संबंधी जानकारी प्राप्त कर संबंधित आंकड़े को संचिका में संधारित करना सुनिश्चित किया जाय।

(b) आई0टी0 कोषांग के प्रभारी द्वारा अवकाश में रहने के कारण Office 365 या अन्य Open Source Software के संबंध में की गयी कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

(iv) राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के अद्यतन Financial एवं Physical प्रगति से संबंधित पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त से संबंधित स्मार पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

(v) (a) पूर्व की बैठक में दिये गए निदेश के आलोक में पुनः निदेशित किया गया कि CFMS में संधारित कर्मियों के डेटा का प्रिन्ट आउट निकाल कर कार्मिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट की गयी कर्मियों के डाटा के मिलान के संबंध में यदि कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो तो लिखित रूप से प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

(b) आई0टी0 कोषांग के प्रभारी के अवकाश पर रहने के कारण डाटाबेस इन्ट्री हेतु Age relaxation 67 वर्ष करने संबंधी जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

(vi) अधोहस्ताक्षरी द्वारा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के छात्रावास में संचालित बन्दोबस्त कार्यालय, पटना को अन्यत्र जगह Shift करने के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इस संबंध में समाहर्त्ता को पत्र दिया गया है। इसपर स्मार देने हेतु निदेशित किया गया।

(vii) राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के छात्रावास में संचालित लाईब्रेरी को सुचारू ढ़ंग से कार्यकारी बनाने के संबंध में पृच्छा करने पर जानकारी दी गयी कि उक्त पुस्ताकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति निदेशालय से समाप्त हो जाने के फलस्वरूप कार्य लम्बित है। पुनः पुस्तकालयाध्यक्ष के संबंध में निर्णय हेतु संचिका उपस्थापन का निदेश दिया गया।

(viii) अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व की बैठक में दिये गए निदेश के आलोक में पुनः वैसे सभी बन्दोबस्त कार्यालयों जिनका सृजन हुआ है और सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी कार्यरत है में वर्ग – 3 एवं 4 के कर्मचारी के पदस्थापन के संबंध में प्रस्ताव पर संबंधित कर्मी के अवकाश पर रहने के कारण जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस संबंध में जिलों को स्मारित करने का भी निदेश दिया गया।

(ग) **<u>विभागीय कार्यवाही</u>** – विभागीय कार्यवाही/आरोप/सेवान्त लाभ आदि के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि लम्बित मामलों के निष्पादन में प्रगति लायी जाय। विभागीय कार्यवाही/आरोप/सेवान्त लाभ आदि के संबंध में निम्न जानकारी संबंधित कर्मी द्वारा उपलब्ध करायी गयी :–

| विषय | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | पूर्व में निष्पादित मामला | इस सप्ताह निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विभागीय कार्यवाही | 00 | 28 | 28 | 15 | 0 | 13 |
| आरोप | 00 | 51 | 51 | 15 | 0 | 36 |
| सेवान्त लाभ | 00 | 22 | 22 | 0 | 02 | 20 |

(घ) **<u>सूचना के अधिकार से संबंधित</u>** – संबंधित कर्मी के अवकाश पर रहने के कारण इस संबंध में जानकारी नहीं प्राप्त की जा सकी।

(ङ) कबाड़ हटाने से संबंधित पृच्छा करने पर बताया गया कि पूर्व की बैठकों में दिये गए निदेश का अनुपालन उक्त से संबंधित गठित समिति के सदस्य सचिव के अवकाश पर रहने के कारण मामला लम्बित है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अविलम्ब अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(च) ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की बैठक के संबंध में संबंधित सहायक के अनुपस्थित रहने के कारण जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

2. **<u>लोकायुक्त, लोक लेखा समिति एवं अन्य संबंधी कार्य</u>** :– संबंधित कर्मी के अनुपस्थित रहने के कारण जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

**न्यायालय संबंधी कार्य** :— सी0डब्लू0जे0सी0, एम0जे0सी0, एल0पी0ए0 आदि मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादित करने का निदेश दिया गया।क्त से संबंधित निम्न जानकारी संबंधित कर्मी द्वारा उपलब्ध करायी गयी :—

| विषय | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | इस सप्ताह निष्पादित | पूर्व में निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सी0डब्लू0जे0सी0 | 00 | 31 | 31 | 00 | 16 | 15 |
| एम0जे0सी0 | 00 | 04 | 04 | 0 | 02 | 02 |
| एल0पी0ए0 | 00 | 03 | 03 | 0 | 0 | 03 |
| अन्य मामला | 00 | 00 | 00 | 0 | 0 | 00 |

सी0डब्लू0जे0सी0 से संबंधित लम्बित मामलों की सूची निम्नवत उपलब्ध करायी गयी:—

| | वाद का प्रकार | वाद की संख्या / वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) | विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | CWJC | CWJC No. --------/2017 | श्री पंकज कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | अपर समाहर्त्ता, समस्तीपुर अंचलाधिकारी समस्तीपुर सदर | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के संबंध में |
| 2 | CWJC | CWJC No. --------/2017 | श्री लक्ष्मण बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) / पूर्वी चम्पारण (मोतीहारी) | पैतृक सम्पति मौजा बंसतपुर थाना न0 11 / समनपुरा थाना न0 12 भूमि विवाद के संबंध में। |
| 3 | C.M | W.P No. 35881 /2017 | मोहन लाल शर्मा एवं अन्य बनाम भारत सरकार एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, सिवान | उत्तर प्रदेश बिहार सीमा विवाद के संबंध में |
| 4 | CWJC | CWJC No. ..........2018 | रामदास सिंह एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता, नवादा | भूमि विवाद |
| 5 | CWJC | CWJC No 13754/2019 | नवल किशोर एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | भू–अभिलेख एवं परिमाप | संविदा नियोजन के विरूद्व |
| 6 | CWJC | CWJC No 243495/2019 | मो0 जफर एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | भू–अभिलेख एवं परिमाप | नियोजन से संबंधित |
| 7 | CWJC | CWJC No 10410/2019 | अरूण कुमार त्रिगुणायत बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना | पुनः नियुक्ति से संबंधित |
| 8 | CWJC | CWJC No …../2019 | सुनील कुमार उर्फ सुनील कुमार साह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | नियोजन से संबंधित |
| 9 | Civil Review | C.R. No …../2019 | सुधीर कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | नियोजन से संबंधित |
| 10 | CWJC | CWJC No 8304/2018 | महेन्द्र प्रसाद यादव बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता –सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | CWJC | CWJC No ---------/2019 | उज्जवल कुमार सुमन बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता –सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया | Mutation of Land |
| 12 | CWJC | CWJC No 9410/2018 | विजय दूबे बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता –सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, गोपालगंज | |
| 13 | | | श्री ऋषिकेश कुमार | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | श्री ऋषिकेश कुमार EWS श्रेणी में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियुक्ति के संबंध में। |
| 14 | CWJC | CWJC No 7267/2020 | श्री शशि शंकर ज्याति बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | संविदा विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियुक्ति के संबंध में। |
| 15 | CWJC | CWJC No 7118/2020 | सुमन कुमारी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप | संविदा विशेष सर्वेक्षण लिपिक के पद पर नियुक्ति के संबंध में। |

एम0जे0सी0 एवं एल0पी0ए0 से संबंधित लम्बित मामलों की सूची निम्नवत उपलब्ध करायी गयीः–

| क्र0 सं0 | वाद का प्रकार | वाद की संख्या / वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) | विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | MJC | MJC No. …./2019 | मेसर्स पंचशील सॉफ्टवेयर बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | समाहर्त्ता, पटना | भुगतान के संबंध में। |
| 2 | MJC | MJC No. …./2019 | सब्बीर अहमद बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | भुगतान के संबंध में। |
| 3 | LPA | LPA No. ……./2019 | धर्मवीर कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना | नियोजन के संबंध में |
| 4 | LPA | LPA No. ……./2019 | परमेश्वर लाल बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | समाहर्त्ता–सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, आरा | सेवा से संबंधित |
| 5 | LPA | LPA No. ……./2019 | मंजू सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | समाहर्त्ता–सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधुबनी | Possession including the survey records |

3. <u>बजट संबंधी कार्य :–</u>

अधोहस्ताक्षरी द्वारा द्वितीय सिंलिंग एवं 178.00 करोड़ के आवंटन के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इससे संबंधित संचिका अग्रत्तर कार्रवाई हेतु विभाग को प्रेषित की जा चुकी है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

4. **बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से संबंधित कार्य :–**

संबंधित सहायक द्वारा महत्वपूर्ण कार्य हेतु निदेशानुसार विभाग में उपस्थित रहने के कारण बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से संबंधित कार्य की समीक्षा नहीं की जा सकी।

5. **बेल्ट्रॉन/प्लॉटर से संबंधित कार्य :–**

संबंधित कर्मी के अवकाश पर रहने के कारण संबंधित मामले की समीक्षा नहीं की जा सकी।

6. **लेखा संबंधी कार्य :–**

(क) अंकेक्षण दल द्वारा उठाये गए महत्वपूर्ण आपत्तियों के Compliance के संबंध में संबंधित सहायक द्वारा अवकाश में रहने के कारण जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

(ख) अधोहस्ताक्षरी द्वारा मासिक विपत्र यथा – विद्युत, दूरभाष इत्यादि के भुगतान के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि संबंधित सारे विपत्रों का भुगतान ससमय किया जा रहा है।

7. **आगत–निर्गत शाखा से संबंधित :–**

आगत शाखा के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित कर्मी द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर में अब तक कुल 211 पत्र प्राप्त हुआ है जिसे डायरी कर संबंधित को उपलब्ध करा दिया गया है।

8. **आई0टी0 सेल से संबंधित** :– आई0टी0 कोषांग के प्रभारी के अवकाश पर रहने के कारण आई0टी0 कोषांग से संबंधित पूर्व में दिये गए निदेश की समीक्षा नहीं हो पायी।

9. **संविदा नियोजन से संबंधित** :–

(क) योगदान कर चुके संविदा कर्मियों के त्यागपत्र के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि त्यागपत्र से संबंधित विहित प्रपत्र जिलों से प्राप्त होने के पश्चात् अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

(ख) निदेशालय को प्राप्त संविदा नियोजन से संबंधित सभी आपत्तियों का निष्पादन एक Internal बैठक करते हुए प्राथमिकता के आधार पर करने का निदेश दिया गया।

(ग) निदेशालय स्तर से नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खोलने हेतु मात्र एक जिला से पत्र आया है। इस संबंध में जिलों को पुनः स्मारित करने का निदेश दिया गया।

(घ) संबंधित सहायक द्वारा बताया गया कि नव नियोजित संविदा कर्मियों के फोल्डर भूमि पर रखे जाने के कारण खराब हो रहे हैं। इस संबंध में निदेश दिया गया कि उक्त फोल्डरों के स्कैनिंग एवं उचित रखरखाव हेतु आवश्यक सामग्री का आकलन करते हुए प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

10. अन्यान्य :–

(क) **सूचना, शिक्षा एवं प्रसार (IEC) के लेवेल – 4 तक की योजना**

उक्त के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि श्री राजेश कुमार सिंह, स0ब0प0 द्वारा इसे जल्द ही तैयार कर लिया जाएगा।

(ख) **आधुनिक अभिलेखागार**

उक्त के संबंध में अपर समाहर्त्ताओं की बैठक में दिये गए सुझाव के आलोक में आवश्यक संशोधन की जा रही है एवं शीघ्र ही संबंधित प्रस्ताव उपस्थापित कर दिया जाएगा।

## (ग) डैशबोर्ड की अद्यतन स्थिति

उक्त के संबंध में बताया गया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग से संबंधित डैशबोर्ड के आंकड़ों को अद्यतन करने की कार्रवाई की जा रही है। अविलम्ब कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

## (घ) ETS से संबंधित

उक्त के संबंध में 1500 ETS क्रय करने की संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

## (ङ) प्रपत्र – 6

प्रपत्र – 6 के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि एन0आई0सी0 द्वारा इसे तैयार किया जा रहा है एवं तकनीकी कोषांग द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

सभी कर्मियों को सम्बन्धित प्रतिवेदन के साथ ही बैठक में शामिल होने के निदेश के साथ अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(मनोज कुमार झा)
उप सचिव
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 174 /गो0 पटना, दिनांक 15-12-2020

**प्रतिलिपि** :– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित कर्मी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार झा)
उप सचिव

ज्ञापांक :– 174 /गो0 पटना, दिनांक 15-12-2020

**प्रतिलिपि** :– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(मनोज कुमार झा)
उप सचिव

ज्ञापांक :– 174 /गो0 पटना, दिनांक 15-12-2020

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार झा)
उप सचिव